दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### पीएम मोदी का छत्तीसगढ़ दौरा 8 फरवरी को, एसपीजी की टीम ने लिया जायजा

रायगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 फरवरी को छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। यहां रायगढ़ में उनकी जनसभा होगी। पीएम के दौरे के मद्देनजर पूरे जिले में अलर्ट घोषित कर दिया गया है। मंगलवार को एसपीजी की टीम ने कोड़ातराई में सभा स्थल का जायजा लिया। बुधवार को पुलिस के तीन हजार जवान कार्यक्रम के लिए माकड्रिल करेंगे।

**झारसगुड़ा से आएंगे मोदी-** रापीएम मोदी दिल्ली से रवाना होकर झारसगुड़ा के एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सेना के हेलीकाफ्टर से सीधे रायगढ़ के कोड़ातराई के सभा स्थल आएंगे। इसके लिए मैदान में ही हेलीपेड बनाया जा रहा है।

### अंतागढ़ मामला-मंतुराम पवार ने भी लगाई अग्रिम जमानत याचिका

**डॉ पुनित और मंतुराम की याचिका पर कल होगी सुनवाई पुलिस नहीं पेश कर पाई डायरी**

रायपुर। अंतागढ़ प्रकरण में थाना पंडरी में दर्ज क्राईम नंबर 39/2019 में प्रथम अभियुक्त बनाए गए मंतुराम पवार की ओर से अग्रिम जमानत याचिका आज न्यायालय में पेश की गई है।

इस मामले में डॉ. पुनित गुप्ता पहले ही अग्रिम जमानत का आवेदन लगा चुके हैं। डॉ. पुनित गुप्ता के इस आवेदन पर आज सुनवायी होनी थी लेकिन रायपुर पुलिस डायरी ही पेश नही कर पाई। डॉ. पुनित गुप्ता और मंतुराम पवार के जमानत याचिका पर सुनवाई अब कल याने सात फरवरी को होगी। जिला सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी इस अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करेंगे।

### आदिले गए रायपुर, पीएम लुका मेडिकल कॉलेज के नए डीन

रायगढ़। रायगढ़ मेडिकल कालेज के डीन डॉ एसएल आदिले को प्रमोट कर डीएमई की जिम्मेदारी शासन ने दी है। वहीं अंबिकापुर मेडिकल कालेज के डीन डॉ पीएम लुका को रायगढ़ मेडिकल कालेज का डीन बनाया गया है। आईएएस अफसरों के ट्रांसफर में जिले में पदस्थ अपर कलेक्टर एस हरीष भी बलरामपुर में जिपं सीइओ बनाकर भेजे जा रहे हैं।

### 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त

रायगढ़। शराब बनाकर बिक्री के लिए रखने वाले व्यक्ति को बरमकेला पुलिस ने अपने हत्थे चढ़ाया है। जिसमें आरोपी के घर से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया है।

### 55 हजार नगद सहित लाखों का सट्टा पट्टी जब्त

रायगढ़। मौजूदा समय में सट्टा समाज की सबसे बड़ी बुराई है जो समाज को अंदर ही अंदर खोखला करते जा रही है। सट्टा बाजार में पैसे दुगुना करने के लालच में दांव लगा कर लोगो के घर, जमीन, जायदाद तक बिक जाते हैं। कितनो की स्थिति तो आत्महत्या करने तक भी आ जाती है। जिसे रोकने के लिए जिला पुलिस हर तरह की कवायद कर रही है। वही शहर में लगातार बढ़ रहे अपराधिक गतिविधियों अवैध स्क्रैप, अवैध कोयला, जुआ-सट्टा अन्य घटनाओं पर रायगढ़ पुलिस अपना लगाम कसती आ रही है।

# आखिरकार पुलिस ने किया रविन्द्र डनसेना को गिरफ्तार

## पीड़िता द्वारा न्यायोचित कार्रवाई किये जाने की लगाई गईं थीं गुहार

## थाना प्रभारी पर आरोपी को गिरफ्तार नहीं करने का आरोप लगाया था

रायगढ़। विदित हो कि रायगढ़ शहर के केलो विहार कॉलोनी में निवासरत युवती सुमन (परिवर्तित नाम) ने पुलिस अधीक्षक से अजमानतीय गंभीर आरोप में गिरफ्तारी नहीं हाने के सम्बंधी गुहार लगाई थीं। पीड़िता ने अपनी लिखित शिकायत आवेदन में यह बात साफ-साफ कही है कि आरोपी रविन्द्र डनसेना के विरूद्ध एफआईआर जिसका क्रमांक 0321 है, और इसके बाद भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किये जाने तथा थाना प्रभारी सहित पुलिस के द्वारा आरोपी को बचाने की भरसक कोशिश की जा रही है। लिखित शिकायत पत्र में पीड़ित युवती का कहना था कि मेरे द्वारा रविन्द्र डनसेना के विरूद्ध एफआईआर दिनांक 27 नवम्बर 2018 को कराई गई थी, जिसके बाद से आज दिनांक तक पुलिस के द्वारा अजमानतीय अपराध होने के बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई, जिससे मुझे बहुत ज्यादा मानसिक तनाव हो रहा है। पीड़ित युवती ने आगे बताते हुए कहा कि रविन्द्र डनसेना ने मुझे डरा धमकाकर मेरे साथ सहमति के बिना शारीरिक संबंध बनाए थे, जिसके बाद से मुझे वो लगातार इसके लिये ब्लैकमेल करता रहा और मैं इस बात से काफी ज्यादा डर गई थी इस वजह से मैं किसी प्रकार का विरोध करने में असमर्थ रही। उक्त मामला 16 अप्रैल 2018 का है, जिस पर युवती ने अपनी लिखित शिकायत थाना प्रभारी कोतरा रोड को दिया है।



मालूम हो कि 27 नवम्बर 2018 को एफ आई आर लॉज की गई, परंतु आज तक पुलिस द्वारा आरोपी रविन्द्र डनसेना की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, जो कि बिल्कुल भी न्यायोचित नहीं है ऐसा पीड़ित युवती का कहना है। इस संबंध में पुलिस के अधिकारीगणों की जानकारी में आरोपी की अग्रिम जमानत का आवेदन माननीय जिला एवं सत्र न्यायालय रायगढ़ में प्रस्तुत हुआ, जिसका पुलिस के द्वारा औपचारिक विरोध भी किया गया। आगे विदित हो कि पीड़ित द्वारा उक्त जमानत आवेदन में लिखित आपत्ति भी दर्ज कराई गई थी और युवती कहना है कि वह स्वयं न्यायालय में मौजूद थी, और इसकी जानकारी उसें पूर्ण तरह से है। युवती का कहना है कि दिनांक 4 दिसम्बर 2018 को आरोपी द्वारा दिया गया जमानत आवेदन को न्यायालय के द्वारा खारिज़ कर दिया गया है, बावजूद इसके आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है और यह मेरे साथ अन्याय जैसा लग रहा है कि मेरे साथ पुलिस ऐसा क्यों कर रही है मुझे न्याय दिलाने में पीछे क्यों हट रही है? पीड़ित का कहना था कि आरोपी खुलेआम शहर में घूम रहा है।

युवती की लिखित शिकायत में सबसे अहम बात जो सामने आई है आरोपी के पुलिस द्वारा बचाव को लेकर तो वह यह है कि आरोपी का पिता पुलिस विभाग में है जो कि पीड़ित युवती के लिये यह बेहद मानसिक संताप का कारण बन रहा है। पीड़ित युवती ने पुलिस अधीक्षक से मार्मिक गुहार लगाते हुए कहा है मेरे द्वारा लिखित शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कि मेरे साथ बलात्कार करने वाले आरोपी रविन्द्र डनसेना को जल्द से जल्द पुलिस गिरफ्तार करे तथा मुझे न्याय दिलाएं।

जिस पर कोतरा रोड पुलिस ने महीनों से फरार चल रहे उक्त आरोपी को आज पुलिस ने गिरफ्तार किया, और हिरासत में लेकर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया जहाँ से उसे जेल दाखिल किए जाने की सूचना मिली है।

### रास्ते में रूककर खरीददारी करना पड़ा भारी डिक्की से 30 हजार की चोरी

रायगढ़। बैंक से रकम निकाल कर घर जा रहे व्यक्ति को रास्ते में रुककर खरीदी करना भारी पड़ गया जिसमें अज्ञता व्यक्ति द्वारा युवक के मोटरसाइकिल डिकक्की में रखा 30 हजार रुपये को पार कर दिए। पुलिस अपराध दर्ज का जांच में जुट गई है। ग्राम मिरीगुडा थाना धरमजयगढ़ में रहने वाला करमचंद भास्कर पिता रामनिहोर भास्कर खेती किसानी का काम करता है। करमचंद भास्कर अपने मोटर सायकल से करीब 14 बजे अपने दोस्त लकेश्वर कुर्रे के साथ धरमजयगढ़ स्टेट बैंक पास बुक से पैसा निकालने आया था, जहां घरेलू काम के लिए बैंक से 30,000 रूपये निकालकर रूपयों को गमछा में लपेटा और मोटर सायकल की डिक्की में रख दिया। दोपहर करीब 4 बजे धरमजयगढ़ बस स्टैण्ड नारायण बूट हाउस से खरीददारी कर करमचंद भास्कर निकला तो देखा मोटर सायकल का डिक्की खुला हुआ था जिसे देख उसके होश उड़ गया। वही डिक्की का जायजा लेने पर गमछा में रखा हुआ 30000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। करमचंद भास्कर द्वारा रूपये चोरी की रिपोर्ट थाना धरमजयगढ़ में दर्ज कराया गया है रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 379 आइपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### निगम को फ्रंट, सुगम यातायात के लिए दुकानों को पीछे करने की सुगबुगाहट आरंभ

रायगढ़। नगर निगम के सामने मौजूद दुकान को पुनः पीछे कर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने का जिन वापस बाहर निकल गया। उक्त दुकानों के कारण ना तो निगम परिसर दिखाई देता है और ना ही लोगो को सुगम यातायात मिलती है। इस मुद्दे को लेकर स्थानीय व्यापारियों ने भी पखवाड़े भर पूर्व ज्ञापन सौंप चुके है। गौरतलब है कि नगर निगम की सामने बनी दुकानों को पीछे करने की प्रक्रिया वर्ष 2009 में शुरू की गई थी जिसमें शहर की शान टाउन हाल को माना जाता है। लेकिन शहर के इस शान पर दुकानों का पर्दा पड़ा हुआ है।

### पहले टी-20 में न्यूज़ीलैंड ने भारत को 80 रन से हराया, सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई

वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड के हाथों पहले टी-20 मैच में सबसे बड़ी हार झेलने के बाद भारत के कार्यवाहक कप्तान रोहित शर्मा ने हार का कारण बल्लेबाजों के बीच साझेदारियों का ना होना बताया है। न्यूजीलैंड ने बुधवार को वेस्टपैक स्टेडियम में खेले गए पहले टी-20 मैच में भारत को 80 रनों से हरा दिया। यह भारत की टी-20 में रनों के लिहाज से अब तक की सबसे बड़ी हार है।

रोहित ने मैच के बाद कहा, यह एक मुश्किल मैच था। हम तीनों विभागों में उनसे कम साबित हुए।

हम जानते थे कि 200 के ऊपर का लक्ष्य आसान नहीं रहने वाला है। हम लगातार विकेट खोते रहे, इससे हम धीरे-धीरे बाहर होते चले गए। उन्होंने कहा, हमने पहले भी 200 या इससे ऊपर के लक्ष्य को हासिल कर चुके हैं, लेकिन जब बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए आप अच्छी साझेदारी नहीं करते हैं तो यह हमेशा से मुश्किल होता है।







**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480